# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## हबीबगंज, भोपाल 462024

# केसिन विक्रय निविदा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
हबीबगंज, भोपाल 462024

**BHOPAL SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**
**HABIBGANJ, BHOPAL 462024**
AN ISO 9001 : 2015 Certified Organization
E-mail: bsdsim@gmail.com
Phone 0755-2478250-53 Fax : 0755-2450896

निविदा संदर्भ 7/2024 दिनांक 10.01.2024

## //केसीन विक्रय हेतु ई–निविदा सूचना //

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल डेयरी प्लांट हबीबगंज भोपाल द्वारा अल्पकालीन निविदा केसीन ''जहॉ है जैसी है'' के आधार पर विक्रय करने हेतु ई–निविदाये आमंत्रित की जाती है। किसी भी निविदा (निविदाओं) को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। ई–निविदा की संपूर्ण कार्यवाही www.mptenders.gov.in पर संपादित की जावेगी। निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेबसाईट www.sanchibhopal.com उपलब्ध हैं।

.

| कार्य | निविदा प्रपत्र की राशि रू0 | निविदा फार्म राशि रू0 | निविदा फार्म डाऊन लोडिंग की प्रारंभ दिनांक व समय | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| केसिन विक्रय निविदा | 5000/- | 500/- | 11.01.2024 11:00 AM | 31-01-2024 03:00 PM | 01-02-2024 03:00 PM |

**CHIEF EXECUTIVE OFFICER**

**BHOPAL SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**
**HABIBGANJ, BHOPAL 462024**
AN ISO 9001 : 2000 Certified Organization
E-mail: bsdsim@gmail.com
Phone 0755-2478250-53 Fax : 0755-2450896

*निविदा प्रपत्र*

| | |
|---|---|
| निविदा संदर्भ | : भोसदुसं/क्रय/केसीन/2024 |
| अनुसूची प्रथम | : कार्य का विवरण एंव सामान्य शर्तें |
| अनुसूची द्वितीय | : केसीन की मात्रा का विवरण एंव निर्धारित धरोहर राशि |
| निविदा फार्म | : दरें ऑनलाईन भरना होगा |
| निविदा दस्तावेज खोलने का स्थान | : कार्यालय भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, डेरी प्लांट हबीबगंज, भोपाल। |
| सूचना एवं पत्राचार हेतु पता | : मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, डेरी प्लांट हबीबगंज,भोपाल–462024. |
| निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य | : रु. 500/–(पॉच सौ रूपये मात्र) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# अनुसूची प्रथम

## कार्य का विवरण, परिस्थितियॉ एंव सामान्य शर्ते –

**1.** भोपाल सहकारी दुग्ध संध मर्यादित, भोपाल में केसीन **"जहॉ एवं जिस स्थिति में है"** के विक्रय हेतु एक बार के लिये दरें आमंत्रित करता हैं। निविदा के सामान्य शर्ते अनुसूची प्रथम एंव केसीन के विस्तृत विवरण मय वॉछित धरोहर राशि अनुसूची द्वितीय में दर्शाया गया हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल को प्राप्त किसी एक या सम्पूर्ण निविदायें निरस्त करने का अधिकार हैं, जिसके लिये उन्हें कारण बताने की आवश्यकता नहीं हैं।

**2.** निविदा प्रस्तुति :

I. निविदाकर्ताओं को स्पस्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि निविदाओं मे पता, दूरभाष, ई–मेल आदि में कोई परिवर्तन होता है तो समय पर ही दुग्ध संघ भोपाल कार्यालय को सूचित करें ताकि पत्राचार परिवर्तित पते पर किया जा सके।

**3.** धरोहर राशि :

I. सभी निविदाकर्ताओं को यह अनिवार्य है कि समूह अनुसार वॉछित धरोहर राशि ऑनलाईन जमा करना होगा। अन्य किसी प्रकार से प्रेषित धरोहर राशि को स्वीकृत नहीं किया जायेगा, एवं संघ में यदि किसी भी मद में पूर्व में धरोहर राशी जमा हो तो वह भी मान्य नही होगी। **बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी।**

II. मध्यप्रदेश राज्य के एमएसएमई उद्योगों को निविदा की ईएमडी और निविदा शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी। एमएसएम प्रमाणपत्र आपूर्ति/सामग्री/कार्यो की प्रासंगिक श्रेणी का होना चाहिए। (एमएसएमई प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।)

III. धरोहर राशि असफल निविदाकर्ताओं को निविदा अनुमोदन के 90 दिन के अन्दर वापिस की जायेंगीं। सफल निविदाकर्ताओं की धरोहर राशि संघ द्वारा बतौर प्रतिभूति की राशि के रुप में रखा जा कर निर्धारित समय अवधि उपरान्त ही वापिस की जायेंगी।

IV. धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

**4.** दरो की वैद्यता :

I. निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत केसीन विक्रय हेतु दरें वर्ष भर स्थिर होनी चाहिये। अतः संघ द्वारा निर्धारित समय अवधि तक दरों की वैधता को ध्यान में रखकर ही दरें प्रेषित करें। दरों का अनुमोदन वित्तीय निविदा खुलने के 15 दिवस में सफल निविदाकारो को सूचित किया जावेगा।

II. आवश्यकतानुसार उच्चतम दर के निविदाकार से आपसी सहमति से निविदा दरो के संबंध मे सुलह वार्ता (Negotiation) की जा सकती हैं।

**5.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल को केसीन के विक्रय का सम्पूर्ण अधिकार हैं, किन्तु वे कोई निविदा का अंश या सम्पूर्ण निविदायें जो संघ में प्राप्त हैं, बिना कारण बताये निरस्त कर सकते हैं। बिका हुआ निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय है तथा विक्रय उपरांत इसे न तो वापिस लिया जावेगा और न ही राशि वापिस की जावेगी।

**6.** निविदा में गलत पता और सही परिचयात्मक न होने के कारण निविदा स्वीकृत न हो सके तो उसका उत्तरदायित्व निविदाकर्ता का होगा, संघ का नहीं।

**7.** निविदा जमा करने के उपरान्त निविदाकर्ताओं को निविदा वापिस लेने का अधिकार नहीं होगा। निविदा में प्रेषित दरों के लिये निविदाकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

8. अनुमोदित निविदाकर्ता को केसीन की कोई भी निश्चित मात्रा अंश या बिल्कुल नहीं विक्रय करने के लिये संघ स्वतंत्र है।

9. सफल निविदाकर्ता को, संघ मे उपलब्ध केसीन **"जहॉ है जैसी हैं"** स्थिति में क्रय कर उठाना होगा। संघ द्वारा निविदाकर्ता को वांछित क्रय कार्यवाही न करने की स्थिति में संघ को निविदाकर्ता की धरोहर राशि/प्रतिभूति राशि जब्त करने का अधिकार होगा।

10. निविदाकर्ता अनुसूची द्वितीय में दर्शाई धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है।

11. यदि निविदाकर्ता या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति कोई दरें प्रेषित करता है एवं यदि मुख्य कार्यपालन . अधिकारी भोपाल दुग्ध संघ को नियम के विपरीत लगता है तो वह निविदा निरस्त कर सकते है।

12. निविदाकर्ता द्वारा केसीन की जितनी मात्रा होगी उतनी ही उठानी होगी संघ की किसी भी अनुपयोगी वस्तु की मात्रा को छांटने की अनुमति निविदाकर्ता को नहीं होगी। केसीन को एकत्रित करना लोडींग एंव परिवहन की व्यवस्था निविदाकार की होगी।

13. समस्त केसीन के संबंध में स्वीकृत दर निविदाकर्ता को केसीन विक्रय आदेश प्राप्त होने पर भंडारित केसीन क्रय कर डेरी परिसर से एक माह में उठाकर ले जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा दुग्ध संघ निविदाकर्ता का आदेश निरस्त कर धरोहर राशि राजसात कर सकेगा।

14. यदि कोई निविदाकर्ता इस निविदा में सम्मिलित होता है तो यह माना जावेगा कि उसे निविदा की सभी शर्तें स्वीकार हैं। निविदाकर्ता की कोई भी शर्त संघ को मान्य नहीं होगी।

15. केसीन को एकत्रित करने के लिये निविदाकर्ता को स्वयं का अपना प्रतिनिधि डेयरी में भेजना होगा। असफल होने की स्थिति में संघ द्वारा केसीन एकत्रित कराया जायेगा जिसका व्यय स्वयं निविदाकर्ता को वहन करना होगा।

16. **क्रय प्रणाली एवं भुगतान :**
केसीन विक्रय संघ द्वारा निर्धारित समस्त प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया जावेगा। सामग्री का निर्गमन निर्धारित धनराशि जमा करवाने के पश्चात भंडार शाखा द्वारा आवश्यक प्रपत्र मिलने के बाद ही कार्यालयीन दिवसों में सायं 4.00 बजे तक किया जायेगा। खाली गाड़ी व भरी गाड़ी तौलने हेतु संघ के नियमानुसार केसीन क्रेता को शर्तें मान्य करना अनिवार्य है अर्थात खाली गाड़ी पहले संघ के तौल कांटे पर तौल की जावेगी इसके बाद भरी गाड़ी का वजन संघ के तौल कांटे पर किया जावेगा, जिसे निविदाकर्ता को मान्य करना होगा।

17. केसीन पर शासकीय नियमानुसार विक्रय कर एवं अन्य जैसे टीसीएस निविदाकर्ता द्वारा वहन करना होगा। निविदाकर्ता को निविदा के साथ फर्म का या मालिक होने का प्रमाण पत्र सहित पेन कार्ड का नं0 एवं GST registration की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

18. यह स्पष्ट रूप से समझा जाये कि अनुमोदित निविदाकर्ता द्वारा संघ के आदेश का पालन न करने पर अंतिम निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संध मर्यादित भोपाल का होगा जो संबंधित निविदाकर्ताओं पर बन्धनकारी होगा।

19. **विवादास्पद स्थिति में अंतिम निर्णय :**
किसी भी प्रकरण मे सामग्री क्रेता एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर आर्बिट्रेशन एक्ट अनुसार कार्यवाही संपादित की जावें। किसी भी प्रकरण मे सामग्री क्रेता एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर अध्यक्ष दुग्ध संघ, एमपीसीडीएफ का प्रतिनिधि तथा आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि की संयुक्त समिति को आर्बिट्रेशन हेतु प्रकरण प्रेषित किया जावेगा।

20. सभी प्रकार के न्यायालयीन विवादों का स्थान भोपाल शहर मे होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# : अनुसूची द्वितीय :

## केसीन की मात्रा एवं निर्धारित धरोहर राशि का विवरण

| क्रमांक | वस्तु का नाम | अमानत राशि रूपये |
|---|---|---|
| | केसीन (लगभग)<br>मात्रा– 6319 किग्रा. | 5000/– |

नोटः– निविदाकार भोपाल दुग्ध संयंत्र में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 तक आकर केसीन की मात्रा का अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# : निविदा फार्म :

## (Form A)

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,

भोपाल सहकारी दुग्ध संध मर्यादित,

हबीबगंज भोपाल.

सेवा में,

आपके **निविदा संदर्भः भोसदुसं/क्रय/केसीन/2024**के संदर्भ में निविदा में दी गई सभी शर्ते हमारे द्वारा पढ़ ली गई हैं तथा हमें स्वीकार हैं।

ऑनलाईन EMD Transaction acknowledgement क्रं.................................................................

..दिनॉक.............................. राशि रु0.............................(धरोहर राशि की सत्यप्रति संलग्न है)

**स्क्रेप टेंडर की निविदा की समस्त शर्ते व भोपाल दुग्ध संघ द्वारा जारी निर्देश मुझे मान्य व स्वीकार्य हैं।**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................

नाम........................................................

पता........................................................

........................................................

फोन न0........................................................

पेन न0........................................................

GST न0........................................................

—0—0—0—0—

# : निविदा फार्म :

(दर ऑनलाईन प्रपत्र)

| निविदाकार का नाम | | | |
|---|---|---|---|
| कमांक | अनुपयोगी वस्तु का नाम | दरे ऑनलाईन भरना होगा। | **GST** अतिरिक्त |
| | केसीन विक्रय हेतु | प्रति किलो | |

नोट : दरों में **GST**/ विकय कर टीसीएस सम्मिलित नहीं है, जो कि प्रचलित दरों के आधार पर अतिरिक्त देय होगा।

: यह प्रपत्र केवल सांकेतिक हैं। निविदा सामाग्री की दरें केवल आन–लाईन ही भरी जानी हैं।

—0—0—0—0—